# Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 02 नवंबर, 2022

## इन्वेस्ट कर्नाटक 2022 सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी **2 नवंबर** को **बंगलूरू, कर्नाटक** में **वैश्विक निवेशक सम्मेलन इन्वेस्ट कर्नाटक 2022** को उद्घाटन समारोह को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करेंगे। इस सम्मेलन का उद्देश्य भावी निवेशकों को आकर्षित करने के साथ ही अगले दशक के लिये विकास एजेंडा निर्धारित करना है। **2 से 4 नवंबर तक बंगलूरू में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय वैश्विक निवेशक सम्मेलन इन्वेस्ट कर्नाटक 2022 में 80 से अधिक सत्र होंगे** । इस सम्मलेन में भाग लेने वालो में मुख्य रूप से उद्योग जगत के शीर्ष कारोबारी होंगे। इस सम्मेलन में **कारोबार से जुड़ी प्रदर्शनियाँ और भागीदार देशों के सत्र** भी होंगे। भागीदार देशों में फ्राँस, जर्मनी, नीदरलैंड्स, दक्षिण कोरिया, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। इस सम्मेलन से **कर्नाटक को विश्व के समक्ष अपनी संस्कृति प्रदर्शित करने का अवसर भी मिलेगा।**

## स्व-स्थाने परियोजना

प्रधानमंत्री 3 नवंबर, 2022 को **स्व-स्थाने परियोजना के अंतर्गत दिल्ली के कालकाजी** में **आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग** के लिये नवनिर्मित 3024 फ्लैटों का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित भूमिहीन शिविर में पात्र लाभार्थियों को इन फ्लैटों की चाबियाँ भी सौंपेंगे। सभी को आवास उपलब्ध कराने के प्रधानमंत्री की परिकल्पना के अनुरूप **दिल्ली विकास प्राधिकरण** 376 झुग्गी-झोपड़ी समूहों का स्व-स्थाने पुनर्वास कर रहा है। **पुनर्वास परियोजना** का उद्देश्य झुग्गी-झोपड़ी निवासियों को उचित सुविधाओं के साथ बेहतर और स्वस्थ निवास स्थान हेतु वातावरण प्रदान करना है। दिल्ली विकास प्राधिकरण ने कालकाजी विस्तार, जेलोरवाला बाग एवं कठपुतली कॉलोनी में ऐसी तीन परियोजनाएँ शुरू की हैं। कालकाजी विस्तार परियोजना के तहत **तीन स्लम क्लस्टर-भूमहीन कैंप, नवजीवन कैंप और कालकाजी स्थित जवाहर कैंप का स्व-स्थाने पुनर्वास चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है।** पहले चरण के तहत पास के खाली वाणिज्यिक केंद्र स्थल पर आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग के लिये 3024 फ्लैटों का निर्माण किया गया है। भूमिहीन शिविर में झुग्गी-झोपड़ी स्थल को इस शिविर के पात्र परिवारों को नवनिर्मित फ्लैटों में पुनर्वासित कर खाली किया जाएगा। परियोजना का पहला चरण पूरा हो चुका है। **इन फ्लैटों का निर्माण लगभग 345 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है और ये सभी नागरिक सुविधाओं से युक्त हैं।**

## अंतर्राष्ट्रीय  पुस्तक मेला

भारत सरकार का प्रकाशन विभाग संयुक्त अरब अमीरात में **2 नवंबर** से शुरू हो रहे अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मेले में अपने प्रकाशन प्रदर्शित करेगा। मेले का इस वर्ष का विषय- **'स्प्रेड द वर्ड'** है। 12 दिन तक चलने वाले इस पुस्तक मेले का आयोजन शारजाह बुक अथॉरिटी द्वारा किया जा रहा है। **शारजाह के एक्सपो सेंटर में आयोजित** इस मेले में विश्व के जाने-माने पुरस्कार विजेता लेखक, बुद्धिजीवी और अन्य साहित्यकार भाग ले रहे हैं। इस मेले में **आजादी का अमृत महोत्सव** के अंतर्गत, प्रकाशन विभाग पुस्तकों में रुचि रखने वाले उत्साही लोगों के लिये भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और स्वतंत्रता सेनानियों के इतिहास पर विभिन्न पुस्तकें उपलब्ध कराएगा। इसमें विभिन्न विषयों पर कई भारतीय भाषाओं में 100 से अधिक पुस्तकें, पत्रिकाएँ भी उपलब्ध रहेंगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-02-november-2022